भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1071**
उत्तर देने की तारीख 2 दिसंबर, 2024
सोमवार, 11 अग्रहायण 1946 (शक)

**झारखंड में पीएमकेवीवाई**

1071. **श्री काली चरण सिंह:** **श्री मनीष जायसवाल:**

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड के चतरा जिले में पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों और नौकरी प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) हजारीबाग और रामगढ़ जिलों सहित झारखंड से कितने प्रशिक्षित उम्मीदवारों को नौकरी मिली है;

(ग) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की संख्या का राज्य-वार ब्योरा क्या है; और

(घ) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का चयन किस प्रकार किया जा रहा है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) को कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य देश भर के युवाओं को अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना तथा पूर्व प्रशिक्षण मान्यता (आरपीएल), कौशलोन्नयन और पुनर्कौशलीकरण के माध्यम से कौशल विकास प्रदान करना है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत एसटीटी प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन के अवसर प्रदान किए गए हैं तथा आरपीएल में पहले से मौजूद कौशल के प्रमाणन की प्रक्रिया शामिल है।

पीएमकेवीवाई स्कीम के अंतर्गत, स्कीम के पहले तीन चरणों में अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में नियोजन को ट्रैक किया गया था, जो कि पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 है, जिसे वित्त-वर्ष 2015-16 से वित्त-वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किया गया। पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, हमारे प्रशिक्षित उम्मीदवारों को अपने विविध करियर पथ चुनने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वे इसके लिए उपयुक्त रूप से उन्मुख हैं। इसके अलावा स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) जैसे विभिन्न आईटी उपकरण भी यह अवसर प्रदान करते हैं।

पीएमकेवीवाई स्कीम के अंतर्गत, दिनांक 31.10.2024 तक झारखंड के चतरा जिले में कुल 6,888 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है। जिनमें से, पीएमकेवीवाई के पहले तीन चरणों के दौरान 786 उम्मीदवारों को रोजगार मिल गया है।

(ख) पीएमकेवीवाई स्कीम के अंतर्गत, दिनांक 31.10.2024 तक झारखंड राज्य में कुल 3,07,766 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है, जिनमें से 30,372 उम्मीदवारों को हजारीबाग जिले में और 18,705 उम्मीदवारों को रामगढ़ जिले में प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है।

इसके अलावा, पीएमकेवीवाई के पहले तीन चरणों के तहत, दिनांक 31.10.2024 तक झारखंड राज्य में 29,461 उम्मीदवारों को रोजगार मिलने की सूचना दी गई है, जिनमें से 2,053 उम्मीदवारों को हजारीबाग जिले में और 1,233 उम्मीदवारों को रामगढ़ जिले में नौकरी मिलने की सूचना दी गई है।

(ग) पीएमकेवीवाई स्कीम के अंतर्गत, दिनांक 31.10.2024 तक प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों का राज्य-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ) पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, कोई भी व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है, बशर्ते वह पात्रता मानदंड को पूरा करता हो। लक्षित समूहों में वे लोग शामिल हैं जो नए कौशल, पुनर्कौशल या कौशलोन्नयन के लिए अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) अशिक्षित उम्मीदवार, स्कूल/कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले और बेरोजगार युवा प्राप्त कर रहे हैं। पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) उन व्यक्तियों के लिए है जिनके पास पहले से अनुभव या कौशल है और जो आकलन और प्रमाणन से गुजरने के इच्छुक हैं। विशेष परियोजनाएं उभरते कौशल में सीमांत समूहों और जॉब रोलों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। पात्रता के लिए वैध आधार के साथ भारतीय नागरिक होना आवश्यक है। एसटीटी और विशेष परियोजनाओं के लिए आयु-सीमा 15 से 45 वर्ष है, और आरपीएल के लिए 18 से 59 वर्ष है, आरपीएल प्रतिभागियों के लिए पूर्व रोजगार-विशिष्ट अनुभव आवश्यक है।

अनुबंध

**''झारखंड में पीएमकेवीवाई'' के संबंध में दिनांक 02.12.को पूछे जाने वाले लोक सभा 2024 र के संदर्भ में।के उत्त (ग) के भाग 1071 संख्याअतारांकित प्रश्न**

31.10.2024 तक पीएमकेवीवाई स्कीम के तहत प्रशिक्षितवार विवरण-उन्मुख उम्मीदवारों का राज्य/

| राज्य का नाम | प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों की संख्या |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5,431 |
| आंध्र प्रदेश | 5,15,400 |
| अरुणाचल प्रदेश | 97,057 |
| असम | 8,24,314 |
| बिहार | 7,23,547 |
| चंडीगढ़ | 27,818 |
| छत्तीसगढ | 1,99,419 |
| दिल्ली | 5,20,285 |
| गोवा | 10,386 |
| गुजरात | 4,67,349 |
| हरियाणा | 7,29,617 |
| हिमाचल प्रदेश | 1,66,785 |
| जम्मू और कश्मीर | 4,12,380 |
| झारखंड | 3,07,766 |
| कर्नाटक | 5,65,277 |
| केरल | 2,71,242 |
| लद्दाख | 4,047 |
| लक्षद्वीप | 390 |
| मध्य प्रदेश | 11,37,814 |
| महाराष्ट्र | 13,05,040 |
| मणिपुर | 1,05,596 |
| मेघालय | 56,924 |
| मिजोरम | 40,359 |
| नागालैंड | 51,320 |
| ओडिशा | 5,96,273 |
| पुदुचेरी | 33,608 |
| पंजाब | 5,35,986 |
| राजस्थान | 13,33,015 |
| सिक्किम | 19,041 |
| तमिलनाडु | 8,52,858 |
| तेलंगाना | 4,52,880 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 11,527 |
| त्रिपुरा | 1,55,206 |
| उत्तर प्रदेश | 23,36,352 |
| उत्तराखंड | 2,45,439 |
| पश्चिम बंगाल | 6,37,623 |
| योग | 1,57,55,371 |

******